तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 11 मई 2025

12 14 बटुकों को उपनयन संस्कार के साथ दिया...



12 वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएम को पार्षद ...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** एनएच-53 से सिरको जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर एनएच 53 रोड से सिरको जाने के रोड किनारे आरोपी राकेश ताण्डी पिता नरेंद्र तांडी (39 साल) सिरको के कब्जे से करीबन 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चौथिया गए लोगों के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चितमखार में चौथिया आए लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन निवासी वार्ड नंबर 01 बनकापारा खरियार रोड जिला नुआपड़ा ओडिशा ने बताया कि 8 मई को अपनी बहन रेखा पटेल की शादी में चौथिया खरियार रोड से 80 से 90 लोगों के साथ ग्राम चितमखार खल्लारी आया था। रात्रि करीबन 8 बजे लुपेश नंद के घर के सामने ग्राम चितमखार में खाना खाने के समय लाइट बंद होने से टीकम साहू एवं उसके अन्य साथी के द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किया। जिससे उसके सिर में, कमलेश पटेल के सिर में, टिकेश्वर चौहान के दोनों भुजा में, नीरा पटेल के हाथ एवं सीने में, विमला पटेल के बायें हाथ की कलाई में एवं राजकुमार पटेल के बायें पैर एवं सिर में चोट आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 60 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बस में सवार एक यात्री से पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। ओड़ीशा से रायपुर की ओर जा रही बस में पटेवा पुलिस ने बस में एक युवक 60 हजार रुपए का 4 किलो गांजा ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिस पर पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।
पटेवा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी 8 मई की रात बौद्ध ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ आने वाली लक्ष्मी बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0272 में एक व्यक्ति सवार होकर अपने बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर आ रहा है। कुछ समय बाद आई बस को रोक कर बस में सवार संदिग्ध व्यक्ति को बैग सहित नीचे उतारा गया और जिसने पूछताछ में उसने अपना नाम पवन जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन (42 वर्ष) निवासी पठानी मोहल्ला मस्जिद के पास बौद्ध थाना व जिला बौद्ध (ओडिशा) का रहने वाला बताया। बैग में गांजा होना बताया तथा उक्त गांजा को बौद्ध ओडिश से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम गांजा कीमत 60,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तारी की गई।

# निराशाजनक परिणाम के चलते हटाए गए डीईओ सावंत, लहरे आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बोर्ड परिक्षाओं में जिले का निराशाजनक परफार्मेंस के चलते जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत को सीएम साय ने तत्काल हटाए जाने की कार्रवाई की अनुशंसा की। जिसके बाद राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। बता दें कि 12 वीं बोर्ड में महासमुंद जिला राज्य में 12 वें स्थान में वहीं 10 वीं बोर्ड में जिला 17 वें स्थान पर रहा। केवल दो छात्र ही दसवीं की प्रावीण्य सूची में 7 वें क्रम में अपना स्थान बना पाए। बीते वर्ष के परिणाम की तुलना में इस बार परिणाम 12वीं में 07.53% तथा 10वीं में 05.75 % कम रहा।

## मुख्यमंत्री साय ने समीक्षा बैठक में बोर्ड परीक्षा परिणामों पर जताई थी नाराजगी




### शिक्षा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही, निष्क्रियता और खराब प्रदर्शन होने की बात सामने आई है। बता दें कि समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री साय ने जिले की बोर्ड परीक्षा में खराब परिणामों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में महासमुंद में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा था कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया था।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जीरो टॉलरेंस नीति और परिणाम आधारित कार्यशैली का उदाहरण शुक्रवार को सामने आया। जब, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्य एमआर सावंत को उनके पद से हटाकर कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ (जांजगीर-चांपा) के पद पर कार्यरत प्राचार्य विजय कुमार लहरे को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## न्याय : 26 खण्डपीठों का गठन कर किया मामलों का निराकरण

# लोक अदालत में 57,569 लंबित मामलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले भर में 26 खंडपीठों के माध्यम से शनिवार को नेशनल लोक अदालत में 57,569 लंबित मामलों का निराकरण हुआ। खंडपीठों के माध्यम से कुल 7 करोड़ 11 लाख 28 हजार 410 रुपए के अवार्ड पारित हुए हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 26 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा




योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किए गए। उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 269 प्रकरणों में 06 लाख 99 हजार 971 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 10 हजार 652 प्रकरणों में 38 लाख 47 हजार 740 रुपए, श्रम प्रकरण के 12 मामलों में 05 लाख 66 हजार 500 रुपए, एमएसीटी के 07 प्रकरण में. 97 लाख 95 हजार रुपए, एनआई एक्ट-138 के 31 प्रकरणों में 75 लाख 55 हजार 715 तथा 26 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 45 लाख 57 हजार 390 रुपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 40 हजार 367 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 57 हजार 569 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 7 करोड़ 11 लाख 28 हजार 410 रुपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए।



### मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण में आहतगणों के लिए अवार्ड पारित

जिला न्यायालय में अयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं खंडपीठ क्रमांक-एक के पीठासीन अधिकारी अनिता डहरिया के समक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण जो वर्ष 2024 से लंबित मामले में 19 लाख रुपए में राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के दिन अवार्ड पारित किया गया।



### दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

जिला मुख्यालय के जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष भरण-पोषण के लंबित मामले में पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा दी गई समझाइश से प्रेरित होकर दंपत्ति एक साथ रहने के लिए राजी हुए। मामले में दोनों का विवाह वर्ष 2015 में रीति रिवाज के साथ हुआ कुछ दिन बाद पति पत्नी में अनबन होने पर दो-तीन वर्ष पूर्व से अपने पति से पृथक होकर रहने लगी। जिसका प्रकरण परिवार न्यायालय में दर्ज है, जिसे 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ के माध्यम से समझाईश एवं आपसी सुलह के माध्यम से दोनों दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए और अपना दाम्पत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हेतु तैयार हुए।

# सीएम ने 3 जिलों के कामकाज की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में

- गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेकर उनका निराकरण करने पर मुख्यमंत्री ने दिया ज़ोर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जिलों के गांवों का आकस्मिक निरीक्षण और समाधान शिविरों में शामिल होने के साथ आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होकर वे समीक्षा बैठक भी ली। इसी कड़ी में शुक्रवार को सीएम साय ने जिला मुख्यालय में महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाज़ार के कलेक्टर-एसपी, डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की इन जिलों में क्रियान्वयन की समीक्षा की। आमजनों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था और स्थिति की समीक्षा बैठक में हुई। मुख्यमंत्री साय ने ज़ोर दिया कि जिलों में आमजनों के हित को सर्वोपरि रख कलेक्टर-एसपी नियमित भ्रमण कर उनकी समस्याओं, मांग, शिकायतों को दूर करें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिस समर्पण और परिश्रम के साथ आप सभी ने इस महाअभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है प्रशंसनीय है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान के साथ जनसंवाद को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री साय ने ऐसे जिलों को जहाँ 10 एवं 12 वी बोर्ड के नतीजे संतोषजनक नहीं आए हैं वहां ज़्यादा बेहतर नतीजे लाने पर ध्यान देने कहा।

संयुक्त समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष बल देते हुए कहा कि एक महीने बाद मानसून आ जाएगा अतः अभी अधोसंरचना से जुड़े काम जैसे स्कूलों के जीर्णोद्धार, सड़कों की मरम्मत के कार्यों को तेज गति से गुणवत्तापूर्ण करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में तीनों जिलों में लोगों की सड़क हादसों से सुरक्षा संबंधी उपाय, कारण आदि की समीक्षा करते हुए लोगों में जागरुकता लाने पर ज़ोर दिया गया। बैठक के अंत में अपराधों से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई।

### बैठक में रहे मौजूद

बैठक में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक रोहित साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजू एस, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार कलेक्टर, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने राज्य सरकार मना रही सुशासन तिहारः मुख्यमंत्री साय



देर रात पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में सरकार है और सुशासन का क्या हाल है यह जानने उनकी पूरी टीम जमीनी स्तर पर कामकाज का फीडबैक लेने जुटी है। साथ ही बताया कि सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि इस दौरान वे स्वयं, उनके मंत्रीगण, सांसद, विधायक समाधान शिविरों में भाग ले रहे है और कई स्थानों पर औचक निरीक्षण भी कर रहे है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि उन्होंने महासमुंद जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित पाया तथा जिस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही हल कर लिया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तीनों जिलों का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला कलेक्टर स्तर पर ही हो रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है। प्रेस वार्ता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# कोयला से भरी मालगाड़ी के पहिए उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विशाखापट्टनम से रायपुर की ओर जा रही कोयला से भरी मालगाड़ी के चक्के रेल पांत से उतर गए। यह घटना हाड़ाबंद के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार दो वैगन के पहिए बेपटरी हो गए। इस घटना के कारण पटरी और पहिए दोनों क्षतिग्रस्त हो गएग्र चालक ने तुरंत ट्रेन रोक दी और रेलवे प्रबंधन को सूचित किया। कोयले से भरी मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरने के बाद कुछ दूर तक चलता रहा। इससे पटरी और पहिया दोनों के डैमेज होने की बात सामने आई है।

### तत्काल शुरु किया गया सुधार कार्य

घटना के बाद रेलवे प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेल को पटरी पर लाने का कार्य कुछ ही देर में शुरु कर दिया गया ताकि, रायपुर विशाखापट्टनम रेल मार्ग में आवाजाही प्रभावित न हो। हालांकि रेल परिवहन में, पटरी से उतरना एक प्रकार की रेल दुर्घटना है। लेकिन, किसी क्रॉसिंग के समीप होने पर सड़क यातायात भी प्रभावित होता है। लेकिन, हाड़ाबंद में पहले ही ओवरब्रिज बन जाने के कारण लोगों के परेशान होने जैसी कोई बात नहीं रही। बता दें कि कई बार ट्रेन का पटरी से उतरना मामूली होता है, लेकिन सभी के परिणामस्वरूप रेलवे प्रणाली के उचित संचालन में अस्थाई व्यवधान होता है। और इसके चलते गंभीर तौर पर यातायात और आमजन प्रभावित होते हैं।

## फेसबुक में भारत विरोधी पोस्ट करने पर कार्रवाई किए जाने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा युवा मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा नगर के मोहम्मद असलम द्वारा फेसबुक आईडी से भारत विरोधी पोस्ट साझा किए जाने से आक्रोशित होकर सरायपाली टीआई को आवश्यक कार्रवाई किये जाने बाबत ज्ञापन सौंपा गया है। इस संबंध में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया में उस तरह का पोस्ट डालना उसकी जिहादी विचारधारा प्रकट करता है। अभी हाल ही में हुए पहलगांव हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किया गया है, जिसको लेकर इनके द्वारा सायरन बजा के देश की जनता को उल्लू बनाया जा रहा है। जैसा अनर्गल शब्द फेसबुक पर लिखा गया है, जो कि इनके देश विरोधी विचारधारा को प्रकट करता है। ऐसे व्यक्ति का स्वतंत्र घूमना देश हित में नहीं है। वर्तमान में समस्त विपक्षी दलों का समर्थन वर्तमान सरकार को प्राप्त है। जो कि भारत की एकजुटता को प्रकट करता है, जिससे इस प्रकार के पोस्ट करना भारतीयों की भावना को आहत करना एवं शांति व्यवस्था हो भंग करने का प्रयास है। ज्ञापन सौंपते हुए सभी पदाधिकारियों ने टीआई से अनुरोध किया है कि देश विरोधी वाले मानसिकता व्यक्ति पर कार्रवाई की जाए। इस पर टीआई शशांक पौराणिक द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, अध्यक्ष सीता सतपथी आदि मौजूद रहे।

## जनपद उपाध्यक्ष हुलसी को मिली थी ग्रामीणों से शिकायत


# आवास में बरती लापरवाही, हटाया गया रोजगार सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बंबूरडीह के ग्रामीणों ने 6 मई को रोजगार सहायक की शिकायत को लेकर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर को लिखित आवेदन दिया।

ग्रामीणों ने आवेदन में बताया था कि प्रधानमंत्री आवास का कार्य पंचायत में चल रहा है। जिसमें मनरेगा मजदूरी का पैसा नही मिला है व रोजगार सहायक द्वारा आवास का पूर्णता में जियो टैग करने के कारण मनरेगा योजनांतर्गत सीसी लगाने के कारण









हितग्राहियों का 90 दिवस का मजदूरी भुगतान नहीं हुआ है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आवेदिका दुलारी टंडन द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में 500 रुपए (चार बार) रोजगार सहायक द्वारा लिए जाने का भी उल्लेख किया गया है। जिसके कारण रोजगार सहायक के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही किए जाने के लिए 07 मई को कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद को दी गई थी। उक्त के संबंध में कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद का पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें ग्राम पंचायत बंबूरडीह के रोजगार सहायक पंकज नाग को छग सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के कण्डिका 11 के तहत सेवा से पृथक करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर के अनुमोदन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद के निर्देश के आधार पर जनपद पंचायत महासमुंद सीईओ ने पंकज नाग ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बंबूरडीह को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किया गया है।

# मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम चकरदा में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद होने के मामले में सरायपाली थाने दोनों पक्षों के बीच जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को देवराज निवासी चकरदा ने बताया कि 9 मई को मकान निर्माण के लिए जेसीबी मशीन मंगाया था। सुबह 7.30 बजे घर के सामने गली में जेसीबी मशीन को मकान निर्माण हेतु ले जा रहे थे। उसी समय गांव के फागुलाल पटेल, मख्खर पटेल, मंगल दास पटेल आये और जेसीबी को रोक कर स्टे लगी जमीन में मकान क्यों बनाओगे कहकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बीच बचाव करने आयी उसकी दादी गणेशमति पटेल से भी मारपीटकी गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष के प्रार्थी माघो ने बताया कि 9 मई को सुबह 7.30 बजे सोनऊ चंद द्वारा तहसीलदार सरायपाली द्वारा स्टे लगाये हुए जमीन में जेसीबी मशीन से मकान निर्माण कराने के लिए खुदाई करा रहा था, जिसे उसने और पुत्र मंगल दास खुदाई द्वारा मना किया गया, लेकिन क्यों खुदाई बंद करेंगे कहकर आरोपी सोनऊ चंद, शिकारी पटेल, गणेशमति, बालक राम पटेल, देवराज पटेल ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं ईंट, पत्थर से मारपीट किया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी चाचा सुरूदाऊ पटेल के साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग अभिमन्यु को मिली ट्रायसाइकिल

**सरायपाली।** 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग ग्राम पंचायत मोखापुटका निवासी अभिमन्यु पटेल ने ट्रायसाइकिल के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच लोचन भावना पटेल, उपसरपंच शिवनारायण पटेल एवं अन्य ग्रामीण जिला कार्यालय समाज कल्याण में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि पटेल निराश्रित हैं तथा उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है। उनके दैनिक जीवन में भारी कठिनाई एवं आवागमन में असुविधा हो रही थी। इस मानवीय परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह द्वारा अभिमन्यु पटेल को ट्रायसाइकिल प्रदान की गई।




### कक्षा छठवीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बसना।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला बसना में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 01 मई से 10 जून तक समय प्रातः 08 से दोपहर 12 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। बसना विकासखंड के अंतर्गत ऐसी बालिकाएं जो कक्षा 5वीं उत्तीर्ण कर चुकी हो, जो शाला त्यागी हो, अप्रवेशी, अनाथ, एकल माता-पिता, परित्याग्ता, गरीब परिवार की बालिकाएं, पलायन करने वाले माता-पिता की बालिकाएं अथवा दिव्यांग बालिकाएं सभी वर्ग के बीपीएल बालिका ही प्रवेश के लिए पात्र है। पात्र बालिकाओं के आवेदन पूर्ण कर सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर आवेदन जमा कर सकते हैं।



### सोलह पहरी कीर्तन के लिए निकली कलशयात्रा

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बैतारी में सोलह श्रृंगार पहरी उड़िया कीर्तन का महापर्व का आयोजन समस्त ग्रामीण जनों द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कीर्तन मंडली में ओडिशा, छत्तीसगढ़ में फेमस दल के रूप में जाने जाते हैं। जिसमें महिला, पुरुषों का दल है को आमंत्रित किया गया है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### आर्यन को 79 प्रतिशत लाने पर किया सम्मानित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के बिरकोनी दुर्गेश साहू सुपुत्र आर्यन साहू को कक्षा दसवीं में 79 प्रतिशत लाने पर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने उनके घर पहुंच, गमछा पहनकर, सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

**मांग : विधायक वित्त मंत्री से भी रख चुकी है यह मांग**

# मुख्यमंत्री से सरायपाली को जिला घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के कक्ष में भेंटकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने सरायपाली को नया जिला घोषित करने की मांग रखी। विधायक नंद की मांग पर सीएम साय ने हामी भरी और जल्द जिला निर्माण घोषित करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में विधायक नंद ने कहा है कि वर्ष 1984 के पूर्व से सरायपाली को जिला बनाने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जाती रही है। सरायपाली से जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 150 किमी है। जिसके कारण किसी भी विभागीय कार्य के लिए आम जनता, विद्यार्थियों, व्यापारियों, शासकीय कर्मचारियों समेत क्षेत्रवासियों को लंबी दूरी तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को आर्थिक और कई प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ता है।

विधायक नंद ने अपने पत्र में जानकारी दी है कि सरायपाली में जिला बनने की सारी सुविधाएं मौजूद हैं। सरायपाली में सभी शासकीय विभागों के कार्यालय के साथ ही आकाशवाणी, नवोदय स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, 100 बिस्तर अस्पताल, एडीजे न्यायालय भी है। इसके अलावा यहां 12 से अधिक राष्ट्रीयकृत बैंक भी है। उन्होंने बताया हैं कि सरायपाली प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के साथ-साथ भौगोलिक दृष्टिकोण से भी जिला बनने के लिए उपयुक्त हैं। सरायपाली नगर ओडिशा सीमा से लगा हुआ क्षेत्र है, जहां की एक विशिष्ठ सांस्कृतिक पहचान है, जो इस क्षेत्र को न केवल छत्तीसगढ़ अपितु पूरे देश में एक नयी पहचान दिलाता है। इस संबंध में मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली जिला निर्माण की मांग बहुत लंबी है। परंतु, आज तक जिला निर्माण नहीं हो सका है। जिला निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, युवाओं और नागरिकों से सुझाव लेकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे और हर स्तर पर प्रयास किया जायेगा ताकि क्षेत्र की जनता को फायदा मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की जनता को भी इस मुहिम में साथ देने की अपील करते हुए इस सरायपाली जिला निर्माण की लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

**सरायपाली नवीन जिला निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर विधायक नंद आई आगे**

# भाजपाइयों ने बसना विधायक के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिवस पर शनिवार को भाजपा नेताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस सेवा कार्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर विधायक को उनके जनसेवा समर्पित जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। फल वितरण के इस सेवा कार्यक्रम से मरीजों और उनके परिजनों में आत्मीयता का भाव जागृत हुआ। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और ऐसे अवसरों पर समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना ही सच्ची जनसेवा है। विधायक संपत अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र में निरंतर विकास और सेवा कार्य होते आ रहे हैं, और यह कार्यक्रम उसी कड़ी का एक हिस्सा है। फल वितरण कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, रैदास गोयल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल, नंदू महंती, विधायक प्रतिनिधि पुष्पराज, गजेंद्र, सुमित अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, रविंदर आज़मानी, दिलीप निषाद, रामचरण साहू, निशु माटा, महामंत्री सौरभ अग्रवाल, पार्षद कौशल मानिकपुरी, पुष्पकांत पटेल, संजय गोयल, मधुरिमा पांडे, रेखराज साहू, तुकाराम पटेल, वर्षा सोनी, आत्माराम सिन्हा, डिगेश प्रधान, सोनू तिवारी, राजा शुक्ला, अंशुल तिवारी, बेनू वैष्णव, सौरभ, आर के अग्रवाल, नितेश शर्मा, अभिषेक वैष्णव, सतीश ध्रुव, श्रीमति पिंपलकर, श्वेता प्रसाद, सुनीता ठाकुर व कुलजीत आज़मानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों से जुड़े आवेदनों का त्वरित निराकरण करें अधिकारी: चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बिरकोनी में सुशासन

- बिरकोनी के समाधान शिविर में शामिल हुए बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष
- सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों के निराकरण व योजनाओं का लाभ देने निगम अध्यक्ष ने दिए निर्देश

तिहार 2025 के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, क्षेत्र के जनपद सदस्य व अनेक पंचायतों के सरपंच गण शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।



बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार-प्रशासन ग्राम पंचायतों और ग्रामों में समस्या और मांग को आवेदन के माध्यम से ले रही है। समाधान शिविर के द्वारा आवेदनों की निराकरण की जानकारी दी जा रही है। चंद्राकर ने आगे कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन को जो भी आवेदन मिले हैं, उसका निराकरण तत्परता से किया जाए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदनों के निराकरण में पात्र हितग्राही न छूटें इसके लिए क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी और संबंधित पंचायतों के सरपंच भी ध्यान रखें। शासन द्वारा आम जनों को राहत प्रदान करने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस पर किसी प्रकार की अव्यवस्था ना आने पर इसका ध्यान प्रशासन को रखना होगा। उन्होंने किसानों से संबंधित आवेदनों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि अनेक किसान रबी फसल कटाई के बाद खरीफ की तैयारी करेंगे। कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग में समस्या व मांग संबंधी किसानों के जो भी आवेदन आए हैं, उसका प्रमुखता से समाधान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंच गण, क्षेत्र के किसान व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### दक्ष प्रजापति जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष साहू

**महासमुंद।** स्थानीय कुम्हार पारा में कुम्हार समाज द्वारा 8 मई को राजा दक्ष प्रजापति जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम साहू ने राजा दक्ष प्रजापति की पूजा कर उनका पुण्य स्मरण किया तथा समाज में सद्भाव की प्रार्थना की। इस दौरान समाज जनों को संबोधित कर नपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी पौराणिक वेदों में राजा दक्ष प्रजापति अत्यंत पूजनीय हैं। वे धरती के प्रथम महान प्रतापी राजा थे। उन्होंने सबसे पहले मानव जाति की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया था। गुरु दक्ष प्रजापति अकेले प्रजापति समाज के नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के लिए वंदनीय हैं। साहू ने समाज को संगठित करने इस तरह के आयोजनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष ने शामिल होने का सौभाग्य प्रदान करने पर सभी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर कमल प्रजापति, जागेश्वर प्रजापति, सुरेश, लाला, रिखीराम, जीतू, माधव, रामगोपाल, संतोष, गणेश, उकेश, नारायण प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति पुरस्कार व गिनीज बुक में दर्ज व्याख्याता जोगेश्वर हुए सेवानिवृत्त, समारोह में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय सेवाओं के दौरान बहुत कम लोग होते हैं जो अपने मूल विभागीय कार्यों का सफल संपादन करते हुए अन्य सामाजिक, शासकीय व शैक्षणिक क्षेत्रों के कार्यक्रमों में भी अपनी सहभागिता देते हुए विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन करते हुए अनेक अवार्ड से पुरस्कृत हुए हों। किंतु यह सफलता प्राप्त करने वाले बिरले लोगों में सरायपाली स्थित माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ( मंदिर स्कूल ) में पदस्थ व्याख्याता जोगेश्वर कर ने यह अद्भुत करिश्मा कर दिखाया है। राष्ट्रपति पुरस्कार व गिनीज बुक ऑफ वार्ड रिकार्ड धारी व्याख्याता जोगेश्वर कर अपनी शासकीय सेवाएं पूर्ण कर विगत दिनों सेवानिवृत हुए।

उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय के साथ ही एक अन्य सांस्कृतिक भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जोगेश्वर कर एवं उनकी पत्नी क्षिरोद्री कर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सहदेव प्रधान द्वारा किया गया। इस सेवानिवृत्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य राजलक्ष्मी पंडा पूर्व प्रधान पाठक लालमन प्रधान, तोषराम पटनायक एवं संकुल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकागण डीडीओ, प्राचार्य जितेंद्र बुड़ेक, उमेश सामंतराय, लिपिक, पूर्व छात्र नेता, छात्र छात्राएं, पालक, कर्मचारी, प्रदीप गुप्ता, अमृतलाल पटेल उपस्थित थे।



वरिष्ठ व्यख्याता अरुण सतपथी ने सेवानिवृत्त हुए जोगेश्वर कर के 42 वर्षो के सेवा कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि जोगेश्वर कर की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा एक से तीन तक शासकीय प्राथमिक शाला बांजीबहाल कक्षा चौथी पांचवी शासकीय प्राथमिक शाला महलपारा सरायपाली पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली स्नातक शासकीय वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय सरायपाली तथा स्नाकोत्तर शिक्षा पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपुर स्वाध्याय के रूप में पूर्ण किया 20 वर्ष की उम्र में सन 1983 में अपनी सेवा प्राथमिक शाला लाती में सहायक शिक्षक के पद पर प्रारंभ किया। सन 1986 से 1988 बीटीआई प्रशिक्षण महासमुंद में पूर्ण किया। प्रशिक्षण में गोल्ड मेडलिस्ट रहे सन 1989 तथा 90 में सहायक शिक्षक चयन तथा नियुक्ति कार्य में भाग लिया। सन 1990 से 2008 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मंदिर सरायपाली में शिक्षक पद पर तथा 2008 से 2025 तक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में व्याख्याता के पद पर कार्य किया। जोगेश्वर कर के संपूर्ण कार्यकाल 42 वर्ष का रहा, जिसमें उन्होंने शासन के अनेक गतिविधियों में भाग लिए 2007 से 2010 तक सतत शिक्षा कार्यक्रम के तहत विकासखंड समन्वय के रूप में कार्य किया। इस दौरान विकासखंड के पंचायत में प्रेरक तथा सहायक प्रेरक की नियुक्ति किया। पुस्तक वाचन कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 7665 शौचालयों का निर्माण कर ग्राम पंचायत चटीगिरोला और ग्राम पंचायत कलेंडा को निर्मल ग्राम बनाने में योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में मितानिनों को प्रशिक्षण देना आई केयर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बेसडर आफ आई केयर के रूप में नियुक्ति सन 2011 में जनगणना में श्रेष्ठ कार्य हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विकासखंड में स्काउट गाइड दल का प्रारंभ करना तथा 13 वर्ष तक विकासखंड सचिव के रूप में कार्य करना सन 1997 में विकासखंड में शिक्षाकर्मी चयन एवं नियुक्ति का कार्य करना। इस प्रकार जोगेश्वर कर व्याख्याता ने अपनी 42 वर्ष सेवा काल में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया आपके सेवानिवृत्ति होने से शिक्षा जगत एक अपूरणीय लाभ होने से वंचित महसूस कर रहा है।

# बोहारपार में कर्मा माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम बोहारपार एनएच 53 में नवनिर्मित कर्मा माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन लोक कला मंच, कीर्तन, डॉस प्रतियोगिता मीना बाजार, झूला, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 07 मई से 12 मई तक कथा समय दोपहर 3:00 बजे से, 07 मई को कलश यात्रा, देवस्थापना भागवत महात्म्य, गोकर्ण कथा, शुकदेव जन्म, परीक्षित जन्म 08 को वराह अवतार, सतीचरित्र ध्रुवचरित्र प्रहलाद चरित्र, श्रीराम जन्म श्री कृष्ण जन्म उत्सव, 09 को माखन चोरी, बाल लीला गोवर्धन पूजा. छप्पन भोग 10 को महारासलीला, कंसवध, गोपी उद्धव संवाद, रूखमणी विवाह 11 को सुदामा चरित्र, यदुवंशचाप, परीक्षित मोक्ष 12 मई तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहुति होगी। कथा वाचिका ज्ञानंदा फूलेश्वरी शास्त्री (श्रीधाम वृंदावन) होंगी। कार्यक्रम में फुलहार अंचल तहसील साहू संघ बसना कर्मा माता मंदिर समिति बसना परिक्षेत्र-बड़े साजापाली, सांकरा, बरोली, बंसुला , पंकज साव अध्यक्ष तहसील साहू समाज बसना टिकेश्वर साव अध्यक्ष, मंदिर समिति अजीत साव, दिलीप साव ललित साव, विजय साहू एवं अन्य स्वजातीय समाज उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर नपाउपाध्यक्ष ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार में आगमन पर स्थानीय सर्किट हाऊस में भेंट मुलाकात के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका से संबंधित विषयों पर ज्ञापन सौंपते हुए खासकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर ध्यान आकर्षण मुख्यमंत्री का कराया गया कि नगर पालिका में प्राप्त आवेदनों में लगभग 75 आवेदन संयुक्त भूस्वामी के है। पूर्व में सहमति के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को मिल चुका है। लेकिन, वर्तमान में बंटवारा नामा मांगा जा रहा है, जो इतना जल्दी संभव नहीं है। व्यवहारिक कई पेरशानी है। आपसी सहमति के आधार पर आवास योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों को दिया जाए। शहर के कुछ इलाके में आबादी, शासकीय भूमि में वर्षों से निवास कर रहे परिवारों को सर्वे कर उन्हें नजूल पट्टा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। इसी तरह महिला संगठनों को 1 अप्रैल से सेवा से हटा दिया गया है। जबकि, केंद्र सरकार ने पुनः चालू कर दिया है, ऐसी महिला संगठकों की सेवा बहाली करते हुए इन्हें नियमित किया जाए। सफाई दीदीयों एवं मित्रों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल किए थे। 10 दिवसीय हड़ताल अवधि का मानदेय नहीं दिया गया। जबकि, जिले के बाकी नगरीय निकायों ने मानदेय हड़ताल अवधि का दिया जा चुका है। महासमुंद नगर पालिका में कार्यरत सफाई दीदियों एवं मित्रों को हड़ताल अवधि का मानदेय दिए जाने का आग्रह किया गया।




# 27वीं ताइवान ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप में अभिषेक का चयन, जिले का खिलाड़ी देश का करेगा प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



19वीं नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप 2024-25 के पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीतकर महासमुंद और पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने वाले अभिषेक पांडे का प्रतिष्ठित वर्ल्ड मास्टर गेम्स एवं 27वीं ताइवान ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय वुडबॉल टीम में चयन किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 24 मई 2025 के बीच ताइवान की राजधानी ताइपेई में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन इंटरनेशनल मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित होगा, जिसमें दुनियाभर के अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। अभिषेक पांडे पिछले कई वर्षों से वुडबॉल खेल में सक्रिय हैं। कठिन परिश्रम, अनुशासन और जुनून के बल पर उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वुडबॉल एक नवाचारपूर्ण और रणनीति-आधारित खेल है, जिसमें खिलाड़ी को सटीकता, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की जरूरत होती है और इन सभी गुणों में अभिषेक ने खुद को सिद्ध किया है। हालांकि, शुरुआती दिनों में उन्हें प्रशिक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। सीमित सुविधाओं में भी वे निरंतर अभ्यास करते रहे और आज उनका सपना साकार हुआ है। अपने चयन पर खुशी जाहिर करते हुए अभिषेक ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। मैं अपनी पूरी मेहनत और लगन से देश का नाम ऊंचा करने का प्रयास करूंगा। छत्तीसगढ़ राज्य से वुडबॉल खेल में किसी खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय चयन अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह अन्य युवाओं को भी खेल के प्रति प्रेरित करेगा और राज्य में वुडबॉल को नई पहचान दिलाएगा।

### निधन



**विद्या महांती**

**महासमुंद।** सुभाष नगर निवासी विद्या महांती (45) का निधन रायपुर मेकाहारा में उपचार के दौरान हो गया। वे विनोद महांती, सुधीर महांती एवं बिरला महांती के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुक्ति धाम में किया गया।




मातृ दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मातृ दिवस के शुभ अवसर पर हृदय में विराजित अपनी माता श्री के चरणों मे सादर प्रणाम करते हुए समस्त माताओं को भी प्रणाम करता हूँ
श्रीमती सीता अमृत पटेल
पूर्व अध्यक्ष, कृषि उपज मंडी सरायपाली
अमृत पटेल
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद-सरायपाली


माँ की अजमत से अच्छा जाम क्या होगा,
माँ की खिदमत से अच्छा काम क्या होगा,
खुदा ने रख दी हो जिस के कदमों में जन्नत,
सोचो उसके सर का मुकाम क्या होगा।
मातृ दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
श्रीमती हुलसी जितेंद्र चंद्राकर
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत-महासमुंद
अध्यक्ष, ग्रामीण भाजपा महिला मोर्चा
पूर्व उपसरपंच, ग्राम पंचायत बेलसोंडा


स्नेह ममता करूणा की प्रतिमूर्ति नवजीवन का संचार करने वाली
देवी स्वरूपा मातृ शक्ति को आदर सहित नमन करते है
सभी माताओं को
मातृ दिवस की
अशेष शुभकामनाएं
श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर
पार्षद, वार्ड क्रमांक 03
नगर पालिका परिषद, महासमुंद


|| मां ||
इस शब्द का अर्थ समझने और समझाने के लिए असमर्थ हूं, मां का आंचल है तो पूरी दुनिया आपकी है।
मातृ दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती दिशा रामस्वरूप दीवान
अध्यक्ष, जनपद पंचायत-महासमुंद


माता खल्लारी, माता चंडी के पावनधरा खल्लारी विधानसभा में उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मान. अरूण साव जी का स्वागत..वंदन..अभिनंदन..
मान. रूपकुमार चौधरी जी
सांसद, लोकसभा महासमुंद
मान. येतराम साहू जी
जिलाध्यक्ष, भाजपा महासमुंद
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

## खबर संक्षेप



### दसवीं का परिणाम 87 %, छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुल 45 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय की होनहार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें उर्वशी साहू 549 अंक (91.5 प्रतिशत), माधुरी साहू 537 अंक (89.5 प्रतिशत), लीना साहू 530 अंक (88.33 प्रतिशत), संध्या पटेल 515 अंक (85.83 प्रतिशत), वेदकुमारी निषाद 501 अंक (83.5 प्रतिशत) शामिल है। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया।



### एनएचएम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर महासमुंद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा न्युक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि मांग शामिल है।

### कक्षा बारहवीं में लीना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद



उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उमावि में अध्ययनरत छात्रा लीना यादव पिता सुखदेव यादव ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स) में 92.2 प्रतिशत लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है। शाला के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकार, शाला के समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

**आयोजन:** विप्र समाज कोमाखान का 30वां उपनयन सम्मेलन हुआ

# 14 बटुकों को उपनयन संस्कार के साथ दिया गया प्रमाण पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सर्व ब्राह्मण समाज के बैनर तले कोमाखान के विप्र भवन में 30वां उपनयन संस्कार में 1015 बटुकों को अब तक संस्कारित करते हुए समाज सेवा के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व ब्रह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा पूर्व सांसद उड़ीसा, प्रांतीय युवा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, संरक्षक डा विश्वनाथ पाणिग्रही, गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, बागबाहरा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रो हरीश पाण्डे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव उपाध्याय ने की।

स्वागत भाषण में सचिव डॉ विजय शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किस तरह समाज को एकत्र कर ब्राह्मण के महत्वपूर्व संस्कार को निरंतर 30 वर्षों से संपन्न कराते आ रहे है। अब तक 1015 बटुकों को संस्कारित कर ब्राह्मणत्व कर्म उपासना के साथ चारित्रिक निर्माण करते हुए सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सामूहिक उपनयन विवाह संस्कार का आयोजन प्रयोजन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मिश्रा समाज के लिए किए जा रहे षड्यंत्र पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण अपनी रक्षा के लिए सक्षम है, हम शास्त्र में भी निपूर्ण है और शास्त्र में हमें कोई चुनौती देता है तो धोखे में न रहे, हम पहले भी सक्षम थे, हैं और रहेंगे। उन्होंने जय घोष के साथ शंखनाद किया। विशिष्ट अतिथि मां बसंत पंडा ने कोमाखान ओडिशा तटवर्ती सांझा संस्कृति में कोमाखान ब्राह्मण समाज द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए ब्राम्हणों को दस संकल्प याद दिलाए, जिससे समाज में वसुदेव कुटुंबकम्‍ की भावना से मानव कल्याण हो सके। उन्होंने दो छोटी कहानियों के माध्यम से समाज की त्याग तपस्या को उद्धृत किया। स्वप्निल तिवारी ने समसामयिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सामाजिक कर्तव्यों, सामाजिक एकता अखंडता से राष्ट्रीयता पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। संरक्षक, पर्यावरण प्रेमी डा विश्वनाथ पाणिग्रही.ने भगवान परशुराम के शौर्य, साहस, वीरता एवं नीति का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अन्याय आतंक एवं अत्याचार को समूल नष्ट करने के लिए परशुराम नीति जानी जाती है। 22 मार्च को पहलगाम में घटित दुर्दांत आतंकवादी घटना में लिप्त आतंकवाद, आतंकवादी एवं उनके आकाओं को जड़ समेत नष्ट करने परशुराम नीति के तहत कार्रवाई करने की बात आई तथा चरितार्थ भी हुई हमारी वीर सेना ने पूरे सूझबूझ, साहस एवं पराक्रम के साथ आतंकवाद को उनके घर में घुसकर मारा। यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम सेना की वीरता एवं अदम्य साहस का अभिनंदन करते हैं।

### मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

बाल पत्रकार ऐश्वर्या ने दो दिवसीय कार्यक्रम का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान पत्र, मेडल से सम्मानित किया गया। बाल पत्रकार ऐश्वर्या, लक्ष्य तिवारी 96 प्रतिशत, प्रियांशी तिवारी 95 प्रतिशत, आदेश राज्यस्तरीय कुश्ती, आयुष बाजपेई बांसुरी वादक, आरबी उपाध्याय 96 प्रतिशत, मनीषा मिश्रा, तनीषा मिश्रा, अंजलि तिवारी, कथा वाचिका सुधा शर्मा, हिरेंद्र उपाध्याय उपसरपंच, जितेंद्र खरे पंच, पत्रकार दिलीप शर्मा, पत्रकार भास्कर राव, योगेश शर्मा, दुर्गा मिश्रा, मदन मिश्रा, मोतीलाल तिवारी, नितिन शास्त्री, सुरेंद्र तिवारी, चंचल तिवारी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पंडित कीर्ति शर्मा एवं सहायक आचार्य अनिल द्विवेदी, क्रांति तिवारी, टिकेश्वर उपाध्याय, जितेंद्र खरे, राजा शर्मा, देव प्रसाद तिवारी, चेतन पांडे द्वारा 14 बटुकों के संस्कार के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। मंच में समाज के बुजुर्गों कर्णधार हलधर मिश्रा, शारदा पांडे, रेखा उपाध्याय, लता तिवारी, हरिभल्लभ शर्मा, दानवीर शर्मा, रामगोपाल दीवान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफलता के लिए महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सीमा बाजपेई, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा की पूरी टीम, सतीश बाजपेई की टीम ने सफल बनाया। अध्यक्ष शिव उपाध्याय द्वारा आभार प्रदर्शन किया। संचालन रूपेश तिवारी एवं भास्कर राव ने किया।

# नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवविवाहित महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हैं उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की नवविवाहित से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमारी सरकार ने जो कहा है वो करके दिखाया है इसलिए यह घोषणा भी जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। यह हमारे चुनावी घोषणा पत्र में था, जिसे मोदी की गारंटी के तहत पूरा करते हुए मार्च 2024 से योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जो सतत रूप से जारी है। अब और नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।



### मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को अचानक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चौपाल लगाई और शासकीय योजनाओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही नवविवाहित महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा, ताकि वह भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा लाभ

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। योजना चाहे केंद्र की हो या राज्य की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाने में सरकार जुटी हुई है। इसलिए सुशासन तिहार के माध्यम से खुद मुख्यमंत्री जनता से मिल रहे हैं। वह प्रत्येक योजना की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही जनता की समस्याओं से भी जुड़कर उनका समाधान कर रहे हैं।

### देवार डेरा के बोरवेल में डाला गया नया पंप



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित देवार डेरा में भीषण गर्मी को देखते हुए बोरवेल में मोटर पंप डाला गया। जिसका बटन दबाकर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद सीता डोंडेकर व पूर्व पार्षद मीना वर्मा ने शुभारंभ किया। बोर में नए पंप से आसपास निवासरत लोगों को पानी उपलब्ध हो पाएगा। लोगों को सुझाव दिया गया कि पानी की बर्बादी न करे, जब पानी की जरूरत हो तभी बोर चालू करें।

# शिविर में गोदभराई एवं अन्नप्राशन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत बड़ेसाजापाली में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग बसना द्वारा गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई तथा 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार का कार्यक्रम कराया गया। इस अवसर पर डिलेश्वरी निराला अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, मोहित कुमार पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बसना, टिकेलाल साव सांसद प्रतिनिधि, सरपंच बड़ेसाजापाली, मनोज खांडे अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पीयुष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राम सिंग मिरी परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य जनप्रतिनिधि एवं समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएमश्री सेजेस में लॉटरी पद्धति से हुआ चयन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




पीएमश्री सेजेस बसना में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नवीन प्रवेश की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार हुई। लॉटरी पद्धति से चयन की यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी वातावरण में की गई, जिसे उपस्थित पालकों व अधिकारियों ने सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में संपूर्ण लॉटरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से पूरी की गई। लॉटरी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, एसएमडीसी अध्यक्ष एलएन भोई एवं सदस्य, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला बसना के प्राचार्य एसके पटेल, चयन के लिए गठित ब्लॉक की टीम एवं बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित थे। पालकों की उपस्थिति में हुई इस पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया में कक्षा पहली हेतु 50 सीटों, कक्षा चौथी के लिए 1 सीट एवं कक्षा सातवीं के लिए 1 सीट के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर वर्ष की तरह निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिससे पालकों ने प्राचार्य पुरोहित एवं लाटरी प्रक्रिया में सम्मिलित शिक्षकों की खूब सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। सभी चयनित विद्यार्थियों को 15 मई 2025 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

# परीक्षा परिणाम में छात्राओं का रहा दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना की छात्राओं का दबदबा रहा। परीक्षा प्रभारी संतोष देवांगन ने इस परिणाम की जानकारी दी। कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 97.95 प्रतिशत एवं कक्षा 12 का 93.91 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में शाला स्तर पर प्रथम शारदा दीवान 87.4 प्रतिशत, द्वितीय मुकेश्वरी दीवान 85.6 प्रतिशत, तृतीय कुमकुम सिन्हा 83.8 प्रतिशत रहीं, कक्षा 12वीं में कुल 114 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी 48, द्वितीय श्रेणी 59 एवं तृतीय श्रेणी में 1 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं में शाला स्तर में तनीषा ठाकुर 91 प्रतिशत प्रथम, तारिणी यादव एवं तेजकुमारी साहू 82.83 प्रतिशत संयुक्त द्वितीय व अन्नू त्रिपाठी 80.66 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10वीं में कुल 97 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी में 36 द्वितीय श्रेणी 51 व तृतीय श्रेणी में 9 उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय का प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षा मेनका साहू, सरपंच देवंतीन दीवान, मानसिंग दीवान, एएस ध्रुव, सोनू अग्रवाल, हेमकुमारी साहू, टिकेराम यादव, लोमन बाई साहू, प्रभु लाल साहू, चिंताराम साहू, गजेंद्र दीवान, लक्ष्मीनारायण साहू, विद्यानंद यादव, कौशल साहू, संतोष शर्मा, प्रभारी प्राचार्य सोनसिंह दीवान, व्याख्याता रूपानंद प्रधान, खगेश्वर पटेल, छबिकांत साहू, चन्दकुमारी साहू कौशल सोनकर, कोमल ध्रुवंशी, ममता तिवारी, रेखराम दीवान, संतोष देवांगन, परवीन भारद्वाज, सोमेश मंडल, वसुधा बारले, संजय श्रीवास्तव, अनुराग साहू, कर्मचारियों में अशोक दीवान, सत्यवती ध्रुव, धर्मिन व द्वारका ने हर्ष जताया।

# वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएम को पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री ने पार्षद भाऊराम साहू को सभी कार्यों की स्वीकृति का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वार्ड क्र. 25 डा. राधाकृष्णन वार्ड के पार्षद भाऊराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर वार्ड में विभिन्न कार्यों की मंजूरी के लिए ज्ञापन सौंपा। साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके वार्ड क्र. 25 में गरीब तबके लोग निवासरत हैं।

वार्ड शासकीय भूमि पर गरीब परिवारों के प्रधानमंत्री आवास बनाकर उनके लिए पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसके लिए स्वीकृति देने का निवेदन किया। इसके अलावा वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों व मांगों से भी उन्हें अवगत कराया। पार्षद भाऊराम ने सीएम को बताया कि वार्ड 25 में स्थायी आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क, नाली, पेयजल के लिए बोर खनन एवं ओवर हेड टंकी निर्माण की आवश्यकता है। साथ ही वार्ड में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट, गरीब परिवारों को भूमि स्वामी पट्टा प्रदान करने, सार्वजनिक शौचालय, वार्ड के चौक-चौराहों पर रंगमंच बनाने संबंधी आवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्षद साहू द्वारा की गई सभी मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# कुसमी में चारागाह की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

## शिकायत के 8 महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

ग्राम पंचायत कुसमी में चारागाह की शासकीय भूमि आज पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। ग्राम के ही कई लोगों ने वहां मकान ब्यारा तो किसी ने बाड़ी का निर्माण कर लिया है। जबकि, अभी कई मकान निर्माणाधीन है। ग्रामीणों ने चारागाह की भूमि से अतिक्रमण हटाने ग्रामवासियों ने क्रमशः कलेक्टर महासमुंद, एसडीएम बागबाहरा के अलावा तहसीलदार को आवेदन दिया गया है। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को कार्रवाई करने निर्देश दिये थे। परंतु, 8 माह बीत जाने के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं की गई। परिणाम स्वरूप अतिक्रमणकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। उधर, ग्रामीणों ने कहा है कि आगामी कुछ दिनों के भीतर अवैध कब्जेधारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से कुसमी के लोगों का एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र राजधानी जाकर राजस्व मंत्री से भेंट कर कब्जेधारियों के खिलाफ कार्रवाई करने गुहार लगायेगा।

ग्राम कुसुमी के जागरूक लोगों ने बताया कि यहां जितने भी लोगों ने अतिक्रमण किया है। वह भूमि चारागाह की है। अब मवेशियों के लिए यहां चारागाह की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों के बताये अनुसार कुसमी के पशुपालकों को उनके मवेशियों को चराने कोई चरवाहा गाय, भैंस आदि चराने के लिये काम करने राजी नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह की भूमि में अवैध कब्जों की बाढ़ के कारण मवेशियों के लिए चारागाह कहीं नहीं बचा है।

एक जानकारी में ग्रामीणों का कहना है कि कलेक्टर महासमुंद, एसडीएम व तहसीलदार को कार्रवाई संबंधी आवेदन सौंपा गया था। जिस पर एसडीएम ने तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया था। परंतु, आज आठ माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। अब ग्रामीणों ने रायपुर जाकर राजस्व मंत्री से उक्त मामले में गुहार लगाने का मन बना लिया है।

### शहर से लगे ग्राम बेमचा में लगा समाधान शिविर

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखंडों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। समाधान शिविर में पहुंचे क्षेत्रिय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला कलेक्टर लंगेह, जनप्रतिनिधिगण ऐतराम साहू, रोहित चंद्राकर, रमेश साहू, हुलसी चंद्राकर का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते सरपंच देवेंद्र चंद्राकर इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन में भारी लापरवाही, पिथौरा विकासखंड में अधूरी पड़ी योजनाएं : मोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

- कई गांवों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं, न ही मिशन के तहत काम पूरा हो सका



जल जीवन मिशन जैसी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में बुरी तरह पटरी से उतर गई है। कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पिथौरा विकासखंड के कई गांवों में अधूरे पड़े कार्यों और पेयजल संकट को लेकर पीएचई विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जांगड़े ने कहा कि कई गांवों में अभी तक न तो पानी की सप्लाई शुरू हो पाई है और न ही मिशन के तहत काम पूरा हो सका है। कहीं पानी की टंकी तो बन गई है, लेकिन पाइपलाइन नहीं डाली गई, तो कहीं पाइपलाइन पूरी हो चुकी है, लेकिन टंकी का निर्माण अधूरा है। कुछ जगहों पर टंकी और पाइपलाइन दोनों मौजूद हैं, लेकिन टंकी लीकेज है या उसमें पानी चढ़ ही नहीं पा रहा। भीषण गर्मी के इस दौर में ग्रामीण इलाकों के लोग पीएचई विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। जांगड़े ने कहा कि विकासखंड में 500 फीट तक बोर करने पर भी पानी नहीं मिल रहा। उन्होंने इस गंभीर जल संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि ग्राम पंचायतों को तत्काल पेयजल व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशि जारी की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।